हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
14 सितंबर 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

- केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज हिन्दी दिवस पर "राजभाषा गौरव" और "राजभाषा कीर्ति" पुरस्कार प्रदान किए।
- केन्द्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम को देश का गौरव बताया।
- हरियाणा में हिन्दी दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी को हिन्दी दिवस की बधाई दी।
- आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया – गणेश उत्सव का समापन 25 सितंबर को प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ होगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को जन जन तक पहुँचाने के लिए 17 सितंबर से शुरू होने वाले, सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा तैयार।

*********************************************************************

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज हिन्दी दिवस पर महाराष्ट्र के नवी मुंबई में छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2025-26 प्रदान किए। श्री शाह ने इस दो दिवसीय सम्मलेन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।

<u>*हिन्दी शब्द संसाधन, हिन्दी टंकण आशुलिपि इसके प्रशिक्षण का भी शुभारंभ हुआ है। राजभाषा कीर्ति और राजभाषा गौरव पुरस्कार का भी सबको सम्मानित करने का काम हुआ है। जिन–जिन लोगों को राजभाषा कीर्ति सम्मान और राजभाषा गौरव पुरस्कार मिला है वो सभी को मैं मनपूर्वक बहुत–बहुत बधाई देना चाहता हूं।*</u>

गृह मंत्री ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम को देश का गौरव बताया।

<u>*वंदे मातरम् की उद्घोषणा के बाद न केवल आजादी की उत्कंठता को आजादी प्राप्त करने की तीव्र भावना को जागृत किया, इसके साथ–साथ भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नीव डालने का काम भी बंकिम चन्द्र जी ने किया था। आजादी के बाद भी इसको पूर्ण स्वरूप से स्वीकार करते–करते 80 साल हो गए। नरेन्द्र मोदी जी एक ऐसे प्रधानमंत्री मिले जिन्होंने*</u>

*वंदे मातरम् को फिर से एक बार पूर्ण स्वरूप गौरव के साथ सरकारी समारोह में गाने का काम किया।*

*****************************************************************************

आज हरियाणा में हिन्दी दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी को हिन्दी दिवस की बधाई दी। अंबाला जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में आज हिंदी दिवस मनाया गया ।राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें काव्य पाठ और भाषण प्रतियोगिता कारवाई गई। प्राचार्य रोहित कुमार ने सभी भाषाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए मातृभाषा को सर्वोपरि बताया।

जिला अंबाला के शहजादपुर के महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा 'हिंदी सप्ताह' आज हिंदी दिवस के अवसर पर संपन्न हुआ। समापन समारोह के पर 'कविता उच्चारण' और 'भाषण' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या प्रोफैसर मीनाक्षी ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हर भारतीय को आपस में जोड़ने वाला एक मजबूत सूत्र है।

इसी प्रकार आचार्य रघुवीर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाला छावनी में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। हिंदी दिवस: विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिंदी के महत्व को रेखांकित करना और दैनिक जीवन व कामकाज में इसके उपयोग को बढ़ावा देना था।

*****************************************************************************

हिंदी दिवस के अवसर पर हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक, डॉ धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा अकादमी के विभिन्न प्रकोष्ठों से संबंधित कर्मचारियों के साथ हिन्दी भाषा के महत्व एवं उसकी विशेषताओं पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया।

डॉ धर्मदेव विद्यार्थी ने हिंदी बारे अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि हिन्दी एक विशाल और समृद्ध भाषा है, जो मन को स्पर्श करती है तथा मनुष्य के भावों और अंतर्मन की आवाज को सहज एवं प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने की क्षमता रखती है।

*****************************************************************************

आज पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्योहार बहुत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हरियाणा के विभिन्न जिलों से इस दस दिवसीय त्योहार के प्रथम दिन भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर धार्मिक कार्यक्रमों के शुभारंभ के समाचार मिले हैं। अंबाला में गणेश चतुर्थी के अवसर पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने गणेश जी की प्रतिमा को लड्डुओं का भोग लगाया और विधि विधान से पूजा अर्चना की।

गणेश चतुर्थी के अवसर पर फरीदाबाद में भी गणेश उत्सव की शुरुआत श्रद्धा और उल्लास के साथ हुई। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने अपने घरों, सामाजिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। गणेश उत्सव का समापन 25 सितंबर को गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ होगा।

**************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। इस सिलसिले में हरियाणा सरकार के मंत्रियों द्वारा अलग अलग जिलों में पत्रकार वार्ता कर लोगों को इस अभियान के अंतर्गत चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

आज जींद में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि श्री मोदी के कार्यकाल में देश और प्रदेश में विकास के कार्य हुए हैं। जींद को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन मिली है।

उन्होंने बताया कि जनसेवा को समर्पित इस अभियान के दौरान लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाएगा।

--------------------------------------------------------------------------------

फतेहाबाद में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व स्तर पर देश को एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की राष्ट्र निर्माण की यात्रा को समर्पित इस अभियान की शुरुआत 17 सितंबर की शाम विकास स्थलों और घरों में पर आशीर्वाद का दीया जला कर होगी।

**************************************************************************

कुरुक्षेत्र में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने पत्रकार वार्ता कर 'सेवा संकल्प अभियान' की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा एवं समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए आशीर्वाद का दीया' , रक्तदान शिविर, पौधारोपण सहित कई कार्यक्रम किए जाएंगे। विद्यालयों में 'मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा' के तहत चित्रकला व भाषण प्रतियोगिताएं होंगी।

इसके अलावा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' के तहत सरकार की योजनाओं और सेवा कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी।इसी तरह 'आंगन

मिलन सेवा' के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों और माताओं की सहभागिता से कार्यक्रम होंगे।

***************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा की भारत –यूके "व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता" हरियाणा के लिए वैश्विक व्यापार के नए अवसर खोलने वाला महातावपूरण समझौता है। मुख्यमंत्री आज गुरु ग्राम विश्वविद्यालय में भारत –यूके "व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कपड़ा,जूता, रत्न एवं आभूषण और इंजीनियरिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों को यू के के बाजार में बेहतर पहुँच मिलेगी। यह समझौता हरियाणा के युवाओं, किसानों, एम एस एम ई और स्टार्टअप्स को वैश्विक निवेशकों और नई तकनीकों से जोड़कर विकास के नए अवसर उपलब्ध करने में महटवपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विदेश तालमेल विभाग का लोगो भी लॉन्च किया।

***************************************************************************